# स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 में स्पाइडरमैन बनेंगे टाइगर श्रॉफ!




टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 को लेकर फैन्स के बीच काफी क्रेज़ है। अब कहा जा रहा है कि टाइगर इस फिल्म में स्पाइडरमैन की भूमिका में नजर आएंगे।

धर्मा प्रॉडक्शन के साथ पहली बार काम कर रहे टाइगर श्रॉफ इस फिल्म में दो डेब्यूटेंट हसीनाओं तारा सुतारिया और अनन्या पांडे के साथ नजर आएंगे। जहां फिल्म के फर्स्ट लुक पोस्टर को लेकर काफी चर्चा रही, वहीं अब सेट से कुछ नई जानकारी मिली है। जो लेटेस्ट खबरें मिली हैं उसके मुताबिक, टाइगर स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 में स्पाइडमैन के अवतार में नजर आ सकते हैं। हालांकि, ऐसा नहीं कि पूरी फिल्म में वह स्पाइडरमैन बने घूमते फिरेंगे, बल्कि सूत्रों की मानें तो इस फिल्म के एक गाने में वह इस अवतार में नजर आएंगे।

बताया गया है कि यह गाना सुपरहीरो की थीम पर बेस्ड होगा, जिसमें टाइगर स्पाइडरमैन के कपड़ों में दिखेंगे। एक सूत्र ने फिल्मफेयर को बताया, स्पाइडरमैन टाइगर का पसंदीदा सुपरहीरो है और अपने गाने में वह अपने इस चहेते कैरक्टर को ट्रिब्यूट देकर बेहद खुश हैं।

याद दिलाना चाहेंगे कि टाइगर श्रॉफ ने हॉलिवुड फिल्म स्पाइडर मैन: होमकमिंग के हिंदी संस्करण में स्पाइडर मैन की भूमिका को अपनी आवाज दी थी।उस वक्त फिल्म प्रमोशन के दौरान टाइगर ने कहा था कि अगर हॉलिवुड में उन्हें स्पाइडर मैन की भूमिका मिल जाए तो फिल्म बनाने वालों का बजट ज्यादा नहीं होगा क्योंकि वह खुद स्पाइडर मैन की तरह सबकुछ कर लेते हैं।

टाइगर ने कहा था, मेरा बचपन से ही एक सपना है कि मैं स्पाइडर मैन बनूं, यदि कभी हॉलिवुड से स्पाइडर मैन के लिए कोई ऑफर आया तो मैं जरूर काम करूंगा। हॉलिवुड में स्पाइडर मैन बनाने वालों को मैं यह भी कहना और साबित करना चाहूंगा कि जो भी स्पाइडर मैन कर सकता है वह सब कुछ मैं भी कर सकता हूं। अगर हॉलिवुड वाले मुझे लेकर स्पाइडरमैन की फिल्म बनाएंगे तो उनका बजट भी ज्यादा नहीं होगा क्योंकि मैं केबल का इस्तेमाल कम करता हूं।



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# चैरिटी करते समय ज्यादा नहीं सोचती इहाना ढिल्लन



अभिनेत्री इहाना ढिल्लन का कहना है कि जब समाज की बेहतरी के लिए चैरिटी करने की बात आती है तो किसी को ज्यादा सोचना नहीं चाहिए. इहाना शुक्रवार को स्माइल फाउंडेशन द्वारा आयोजित चैरिटी ट्रंक शो में देबीना बोनर्जी और शमा सिकंदर के साथ आने के दौरान मीडिया से बात कर रही थीं. व्यक्तिगत रूप से किस प्रकार की चैरिटी को पसंद करने के सवाल पर उन्होंने कहा, मैं नहीं मानती कि आपको चुनना चाहिए, जब चैरिटी के लिए मंच चुनने की बात आए.

इहाना ने कहा, यह फर्क नहीं पड़ता कि कितना और किसमें आप योगदान दे रहे हैं. अगर आप छोटा कदम उठा रहे हैं तो भी यह समाज के लिए बड़ा कदम होगा. मैं पंजाब से हूं और मेरा अपना चैरिटी फाउंडेशन है. इसलिए मेरे पास जब भी समय होता है तो मैं लड़कियों की शिक्षा के लिए कोशिश करती हूं. इहाना ढिल्लन ने कहा, मेरे गांव में लोग अभी भी लड़कों और लड़कियों में अंतर करते हैं इसलिए मैं खुद उनसे बात करती हूं. उन्हें यह समझाने की कोशिश करती हूं कि लड़कियों की शिक्षा जरूरी होती है. जिससे हमारे परिवार को भी लंबे समय तक लाभ होगा.इहाना ने आगे कहा कि उन्होंने लड़कियों की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए पंजाब में एक सिलाई केंद्र खोला है. फिल्मों की बात करें तो इहाना जल्द ही अभिनेता अर्जुन रामपाल अभिनीत फिल्म नास्तिक में प्रवचनकर्ता की भूमिका निभाएंगी. बता दें कि इहाना ढिल्लों ने फिल्म हेट स्टोरी 4 के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया था. हालांकि फिल्म हेट स्टोरी 4 बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास धमाल नहीं कर पाई. हाल ही में इहाना को मनाली में अपनी नई पंजाबी फिल्म गुलाम के सेट पर एक राइफल के साथ फिल्म की शूटिंग

# गुंजन सक्सेना का किरदार निभाएंगी जाह्नवी कपूर!

जाह्नवी कपूर शशांक खेतान की फिल्म धड़क से बॉलिवुड में शानदार डेब्यू कर चुकी हैं, जिसे प्रड्यूस किया था करण जौहर की प्रॉडक्शन कंपनी धर्मा प्रॉडक्शन ने। अब खबर है कि बहुत जल्द जाह्नवी करण के बैनर की तीसरी फिल्म में भी नजर आ सकती हैं।

फिल्म धड़क ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की और जाह्नवी के परफॉर्मेंस को भी लोगों ने सराहा। धड़क के बाद खबर आई है कि जाह्नवी ने धर्मा प्रॉडक्शन की अगली फिल्म तख्त भी साइन किया। बता दें कि तख्त में करीना कपूर, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे कई बड़े स्टार्स के शामिल होने की खबर है। अब जाह्नवी को लेकर जो ताजा खबर सुनने को मिल रही हैं उसमें कहा जा रहा है कि उन्होंने करण जौहर के साथ कोई तीसरी फिल्म भी साइन कर ली है।



लेटेस्ट रिपोर्ट की मानें तो जाह्नवी ने करण जौहर प्रॉडक्शन की जो तीसरी फिल्म साइन की है, उसमें वह चॉपर पायलट के किरदार में नजर आएंगी। हालांकि, अभी इस फिल्म का नाम तय नहीं है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह फिल्म इंडियन एयर फोर्स की पहली महिला चॉपर पायलट गुंजन सक्सेना की कहानी पर बेस्ड होगी। गुंजन ने करगिल युद्ध के समय अपनी वीरता का परिचय देते हुए कई सैनिकों की जान बचाई थी, जबकि उनके चॉपर पर दुश्मनों ने हमला भी कर दिया था। जाह्नवी और गुंजन के तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं, जिसे देखकर यह तय माना जा रहा है कि उन्होंने यह फिल्म साइन कर ली है। हालांकि, अभी इसे लेकर अभी तक कोई ऑफिशल बयान नहीं आया है।

बताना चाहेंगे कि पिछले साल ही यह खबर आई थी कि करण जौहर बहुत जल्द करगिल गर्ल (गुंजन सक्सेना) पर फिल्म बनाने जा रहे हैं। गुंजन ने देश के घायल सैनिकों की जान अपने चीता हेलिकॉप्टर की मदद से बचाई थी। फिल्म का स्टोरी प्लॉट देखकर कहा जा सकता है कि जाह्नवी के हाथ एक बेहतरीन फिल्म आ रही है।

# 'लैला मजनू' असल जिंदगी जैसी, किरदार निभाने के लिए बिल्कुल सही : तृप्ति डिमरी

'लैला मजनू' से बॉलीवुड में अपना सफर शुरू करने वाली अभिनेत्री तृप्ति डिमरी का कहना है कि वह असल जिंदगी में जैसी हैं, लैला का किरदार उससे बिल्कुल अलग है।



तृप्ति ने कहा, ''जब मैंने कहानी पढ़ी, तो मुझे अहसास हुआ कि लैला का किरदार उससे बिल्कुल अलग है, जैसा कि मैंने इससे पहले वाले मुख्य 'लैला मजनू' के अन्य संस्करणों में पढ़ा है।''

उन्होंने कहा, ''फिल्म में लैला इश्कबाज, बेबाक और अपनी ओर ध्यान खींचने वाली एक लड़की है। मैं एक बहुत ही अंतर्मुखी हूं, जो अनजान लोगों से बातचीत की शुरुआत नहीं कर सकती। इसलिए मुझको लैला का किरदार निभाते वक्त खुद से अलग होना पड़ा।''

क्या वह निर्माता एकता कपूर से मिली हैं? इस सवाल पर अभिनेत्री ने कहा, ''हां, वह अविनाश तिवारी और मुझसे मिली हैं और उन्होंने कहा कि हम 'लैला मजनू' के किरदार निभाने के लिए बिल्कुल सही हैं। उन्होंने हम में वास्तव में विश्वास दिखाया है।''साजिद अली द्वारा निर्देशित और इम्तियाज अली द्वारा प्रस्तुत 'लैला मजनू' शुक्रवार को रिलीज हुई।